# स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूलों मे
# रिक्त पदों पर होगी संविदा भर्ती

## स्कूल शिक्षा विभाग ने पदों के निर्धारण और कार्ययोजना के लिए बनाई समिति

### प्रदेश में पहले चरण में 150 स्कूल खोले जाएंगे, 100 करोड़ का प्रावधान

**नवभारत रिपोर्टर। रायपुर।** सरकार की घोषणा के अनुरूप प्रदेश में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट स्कूल (विवेकानंद मॉडल स्कूल) खोलने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इन उत्कृष्ट स्कूलों में



अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई के लिए रिक्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी। पदों का निर्धारण एवं पाठ्यक्रम हेतु कार्ययोजना बनाने शिक्षा विभाग ने एक समिति गठित कर दी है। यही समिति विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान का संचालन एवं कार्यकारिणी का रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल (आरएफपी) भी तैयार करेगी। राज्य सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना शुरू की जा रही है। इसकी घोषणा बजट सत्र में की गई थी। योजना की शुरूआत आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से करने की तैयारियां चल रही हैं। इस योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड और संभागीय मुख्यालयों में एक-एक ऐसे स्कूल को मॉडल स्कूल बनाया जाएगा, जहां एक ही परिसर में प्राइमरी से लेकर हायर सेकेण्डरी तक कक्षाएं संचालित होती है पहले चरण में 150 मॉडल चयनित कि जाएंगे। जिलों से विवेकानंद मॉडल स्कूल के नामों की सूची मंगाई जा चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी विवेकान उत्कृष्ट विद्यालय हेतु शैक्षणिक तथा गै शैक्षणिक पदों पर संविदा नियुक्ति बाब पदों का निर्धारण एवं पाठ्यक्रम आ कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने हेतु ए समिति का गठन किया गया है।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर और प्रशिक्षित शिक्षक होंगे

स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना के लिए चयनित स्कूलों में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जाएगा। इन स्कूलों में प्रशिक्षित स्टाफ नियुक्त किए जाएंगे। इन स्कूलों में पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में होगी। इस नई योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### रायपुर जिले में 4 स्कूलों का प्रस्ताव

***धरसींवा विकासखंड***- *शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल देवरी*
***आरंग विकासखंड***- *शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल निसदा*
***अभनपुर विकासखंड***- *शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल पोंड*
***तिल्दा विकासखंड***- *शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल सरोरा*

### जिलों में स्थानीय स्तर पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया पर रोक

# स्वामी आत्मानंद स्कूलों में संविदा भर्ती के लिए राज्य स्तरीय केंद्रीयकृत परीक्षा

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया ● रायपुर: स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों (सेजेस) में अब राज्य स्तरीय केंद्रीयकृत परीक्षा के माध्यम में शिक्षकीय-गैर शिक्षकीय के लगभग तीन हजार पदों पर संविदा भर्ती होगी। 16 जून से शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है। इसके पहले स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शिक्षकों की भर्ती में एकरूपता रखने के लिए केंद्रीयकृत परीक्षा कराने का निर्णय लिया है।

मंत्री गजेंद्र यादव ● नईदुनिया आर्काइव

नईदुनिया ने 19 मई 2026 को खबर प्रकाशित कर चेताया था कि किस तरह स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भर्ती नहीं होने से ये बंद होने की कगार पर हैं। इसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जिला स्तर पर चल रही संविदा भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने कहा है। अब इन स्कूलों में शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती राज्य स्तर पर होगी। केंद्रीयकृत परीक्षा को डीपीआइ आयोजित करेगा। परीक्षा के बाद राज्य स्तर पर एक मेरिट सूची तैयार की जाएगी। इसी मेरिट सूची के आधार पर नियुक्तियां की जाएंगी। इस संबंध में सभी कलेक्टरों, जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) और स्वामी आत्मानंद विद्यालय समिति के अध्यक्षों को आदेश जारी कर दिया गया है। राज्य में स्वामी आत्मानंद के 403 अंग्रेजी, 348 हिंदी माध्यम समेत 751 स्कूल हैं। इनमें 4.50 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

**3,000** भर्ती से शिक्षकों की कमी होगी पूरी

**16** जून से शुरू होगा शिक्षा सत्र



**नईदुनिया असर**

**आत्मानंद के बाद अब विवेकानंद के नाम पर विद्यालयों में सरकारी प्रयोग**



19 मई को प्रकाशित

### केंद्रीयकृत भर्ती से फायदे

- पूरे राज्य में एक समान चयन प्रक्रिया होगी।
- स्थानीय दबाव और गड़बड़ियों पर रोक।
- राज्य स्तरीय परीक्षा से योग्य और कुशल अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों का चयन होगा।
- एक ही आवेदन और मेरिट सूची से चयन।

### इन पदों पर होगी भर्ती

| पद | संख्या |
|---|---|
| प्राचार्य | 66 |
| व्याख्याता | 993 |
| माध्यमिक प्रधानपाठक | 53 |
| शिक्षक | 583 |
| प्राइमरी प्रधानपाठक | 36 |
| सहायक शिक्षक | 645 |
| प्रयोगशाला सहायक | 252 |
| पुस्तकालय सहायक | 101 |
| लेखापाल | 97 |
| सहायक ग्रेड तीन | 116 |
| कुल रिक्त पद | 2,912 |

(अप्रैल 2026 तक की स्थिति)

CG EDUCATION HUB

**भर्ती की गाइडलाइन जल्द:** मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि केंद्रीयकृत परीक्षा से जुड़े विस्तृत नियम, शैक्षणिक योग्यता और परीक्षा कार्यक्रम (शेड्यूल) जल्द ही जारी किए जाएंगे। अब केंद्रीयकृत परीक्षा से ही भर्ती होगी।

CG EDUCATION HUB

**भास्कर एक्सक्लूसिव** • बिलासपुर संभाग के 32, दुर्ग के 26 और रायपुर के 25 विद्यालय सूची में शामिल

# प्रदेश के 108 स्कूलों का होगा कायाकल्प, आत्मानंद मॉडल पर मिलेंगी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं, भर्तियां होंगी

CG EDUCATION HUB

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने राज्य के 108 शासकीय विद्यालयों को स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। चयनित विद्यालयों में बिलासपुर संभाग के सर्वाधिक 32 स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा दुर्ग संभाग के 26, रायपुर के 25 तथा अन्य संभागों के विद्यालयों को भी सूची में स्थान दिया गया है। दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों के स्कूलों को प्राथमिकता दी गई है।

स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों को आत्मानंद स्कूलों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जहां विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। शेष | पेज 3

## चयनित स्कूलों में रिक्त पदों की जानकारी कल तक

इधर, डीपीआई ने चयनित विद्यालयों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों की जानकारी भी तलब की है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संभागीय संयुक्त संचालकों को 4 जून तक रिक्त पदों का ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिलों से मिली जानकारी संभागीय संयुक्त संचालक 5 जून तक संचालनालय को हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में रिपोर्ट भेजेंगे। इसके आधार पर उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों व अन्य आवश्यक स्टाफ की पदस्थापना की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

## संभागवार चयनित विद्यालयों की संख्या

**बिलासपुर संभाग- 32 विद्यालयः** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, मुंगेली, रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के विद्यालय शामिल किए गए हैं। सकोला, कोरजा, सेमरदरी, कोथारी, कोरबी धतूरा, दंगोरी, शिवतराई, बोरसी, किरारी, भोजपुर, पोरथा, फगुरम, फारेस्टपुर, जूटमिल, सेंगालपाली, बरगढ़, देवगढ़, हाटी, गुड़ेली और खुरसुला विद्यालय सूची में शामिल हैं।

**रायपुर संभाग- 25 विद्यालयः** बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और रायपुर जिले के विद्यालयों को शामिल किया गया है। मरदा, कोसमंदी, केसदा, रामसागरपारा, कसडोल, बेलसोंडा, बी.के.बाहरा, मेघा, बिरगुड़ी, कोपरा, सीनापाली, गोहरापदर, देवरी, मण्डापुरी, पोंड, सरोरा, संजयनगर और डब्ल्यूआरएस कॉलोनी रायपुर के विद्यालय प्रमुख रूप से चयनित हुए हैं।

**दुर्ग संभाग- 26 विद्यालयः** बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, राजनांदगांव और दुर्ग जिले के विद्यालयों को सूची में स्थान मिला है। बघमरा, कुंगांगोंदी, चंदनबिहरी, जेंवरा, कोरेसरा, सिंघारी, पानाबरस, तुलसीपुर, खैबा, बघेरा, धमधा और गोडपेंड्री जैसे विद्यालय चयनित हुए हैं।

**बस्तर संभाग- 20 विद्यालयः** बीजापुर, बस्तर, कांकेर, कोंडागांव और सुकमा जिलों के विद्यालय शामिल किए गए हैं। प्रमुख विद्यालयों में पामेड़, नेगानार, आरानरा, सिरिसगुड़ा, पनारापारा, नियानार, आदावाल, साल्हे, चारामा, सुरही, हंगवा, उड़ीदगांव, जैपुरी और किकिरपाल के विद्यालय शामिल हैं।

**सरगुजा संभाग- 5 विद्यालयः** सरगुजा और बलरामपुर जिले के करंजी, रघुनाथपुर, बंदना, सनावल और परसागुड़ी स्थित विद्यालयों का चयन किया गया है।

दैनिक भास्कर

10-06-2026

भास्कर एक्सक्लूसिव | 5 हजार पदों पर भर्ती की तैयारी, एजेंसी कराएगी परीक्षा

# आत्मानंद व विवेकानंद स्कूलों में सुबह शिक्षकों की परीक्षा, शाम को रिजल्ट; 15 जुलाई तक जॉइनिंग

निर्मल साहू | भिलाई

छत्तीसगढ़ के स्वामी आत्मानंद (सेजस) और स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब लिखित परीक्षा के दिन ही शाम तक परिणाम और मेरिट सूची जारी कर दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य 15 जुलाई तक नियुक्तियां देने का है, ताकि नए शैक्षणिक सत्र में शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी न रहे। इस फैसले के बाद शिक्षा विभाग ने फिलहाल जिला स्तर पर चल रही संविदा भर्ती प्रक्रियाओं पर रोक लगा दी है।

भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए इस बार चयन जिला स्तर पर नहीं, बल्कि राज्य स्तरीय केंद्रीयकृत परीक्षा के माध्यम से होगा। लिखित परीक्षा निजी एजेंसी द्वारा आयोजित कराई जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने निविदा भी आमंत्रित कर दी है। परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। शिक्षा विभाग ने फिलहाल जिला स्तर पर चल रही संविदा भर्ती प्रक्रियाओं पर रोक लगा दी है।

## इन पदों पर होगी भर्ती

### रिक्त पदों में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पद शामिल होंगे

- **शैक्षणिक पदः** व्याख्याता (हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य, रसायन, भौतिकी), शिक्षक (हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, कला, विज्ञान, गणित), प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्तर के प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक और व्यायाम शिक्षक।
- **गैर-शैक्षणिक पदः** ग्रंथपाल, कंप्यूटर शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, भृत्य, चौकीदार और अंशकालीन सफाई कर्मी।

- **योग्यता और आवेदन प्रक्रियाः** इन स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए संबंधित विषय में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के साथ बीएड/डीएड अनिवार्य होगा। चूंकि ये उत्कृष्ट विद्यालय हैं, इसलिए अभ्यर्थियों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने की क्षमता भी साबित करनी होगी।

### भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी

*पहले सेजस स्कूलों की भर्ती में मेरिट सूची में गड़बड़ी और अपनों को लाभ पहुंचाने जैसे आरोप सामने आए थे। इसी कारण सरकार ने राज्य स्तरीय केंद्रीयकृत परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और गोपनीयता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। योग्य अभ्यर्थियों का चयन केवल मेरिट के आधार पर होगा।*

**-गजेंद्र यादव,** स्कूल शिक्षा मंत्री

## बिहारः कोचिंग संस्थानों को छात्रों का ब्योरा देना अनिवार्य

**पटना|** बिहार में चल रहे सभी कोचिंग संस्थानों को अपने यहां पढ़ रहे छात्र-छात्राओं का पूरा विवरण संबंधित जिला प्रशासन को अनिवार्य रूप से देना होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा, छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए शिक्षा विभाग ने कोचिंग संस्थानों के संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग को कड़े नियम बनाने के निर्देश दिए हैं।

## नीट पेपर लीकः आरोपी ने री-एग्जाम के लिए मांगी जमानत

**नई दिल्ली|** नीट-यूजी पेपर लीक मामले के आरोपी यश यादव ने 21 जून को होने वाली री-एग्जाम में शामिल होने और बहन की शादी में जाने के लिए 15 दिन की अंतरिम जमानत मांगी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस पर सीबीआई से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 जून को होगी। यश को पहले पढ़ाई की तैयारी के लिए किताबें रखने की अनुमति मिल चुकी है।